प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 29.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिल गेट्स के साथ चर्चा में कहा–नमो ड्रोन दीदी से ग्रामीण महिलाओं को मिली तकनीक की ताकत, कृषि को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने पर जोर।

2- लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य की सीमा पर बढ़ी सुरक्षा, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा सीमावर्ती क्षेत्र में चेकनाका बनाकर निगरानी

3- जमीन घोटाला मामले में ईडी कल पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दायर करेगा आरोप पत्र।

4- एनटीए ने जिपमैट के लिए शुरू की आवेदन प्रक्रिया , रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अप्रैल।

5- गुड फ्राइडे आज, रांची समेत राज्यभर के गिरिजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित ।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बड़ी आवश्यकता है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है। प्रधानमंत्री ने अपने आवास में बिल गेटस के साथ बातचीत में कहा कि प्रौद्योगिकी कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में अपनी बडी भूमिका निभा सकती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में महिलाएं नई तकनीक अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। इन योजनाओं ने महिलाओं की मानसिकता को बहुत बदल दिया है।

साउंड बाइट– नरेन्द्र मोदी नमो दीदी – 32 सेकेंड

एआई के दुरुपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ए.आई बिना उचित प्रशिक्षण के किसी को दे दी जाए तो इसके दुरुपयोग होने की संभावना है। ए.आई जनित सामग्री पर स्पष्ट वाटर मार्क होना चाहिए जिससे कोई भी गुमराह ना हो।

**********************

लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे राज्य की सीमा को सील कर सुरक्षा बढ़ा दी है। पश्चिम बंगाल सीमा और उड़ीसा सीमावर्ती क्षेत्र में 7 –7 चेक नाका बनाए गए हैं। सभी जिले के प्रवेश स्थानों पर वाहनों की विशेष चेकिंग की जा रही है । संदिग्ध सामान लेकर या पैसे को लेकर आने जाने वाले हर छोटे और बड़े वाहनों की चेकिंग की जा रही है जमशेदपुर के सीमावर्ती क्षेत्र बंगाल ,उड़ीसा और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की सीमा पर चेक नाका बनाया गया है। उड़ीसा और पश्चिम बंगाल सीमा को जोड़ने वाली बॉर्डर पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। और मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की जा रही है।

**********************

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरायकेला खरसावां जिले में खरसावां और कुचाई प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान कुचाई के दलभंगा में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर कई लोग भाजपा में शामिल हुं। श्री मुंडा ने कहा कि उन्होंने अपने मंत्रालय से आदिवासियों का जीवन स्तर ऊंचा करने के लिये कई योजनायें ली है साथ ही किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पहुंचाने का कार्य किया।

**********************

संताल परगना के जनजातीय समूह की किशोरियों के बीच विभिन्न सामाजिक संगठनों और सरकारी योजनाओं के प्रयास से जागरूकता में गुणात्मक वृद्धि हुई है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी कल पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ आरोप पत्र दायर करेगा। हेमंत सोरेन को बड़गाईं अंचल की 8 एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध रूप से कब्जा के आरोप में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

**********************

एनटीए ने ज्वाइंट इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनजमेंट एडमिशन टेस्ट (जिपमैट) के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्र jip-mat.nta.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अप्रैल है। करेक्शन विंडो 23 से 25 अप्रैल तक खुलेगी जबकि एडमिट कार्ड दो जून को दिया जाएगा। परीक्षा छह जून को हेगी।

**********************

टाटानगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए नक्शा तैयार कर लिया गया है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर ने इसे लेकर स्टेशन का निरीक्षण किया। उनके साथ आर्किटेक्चर टीम भी मौजूद रही। इस दौरान डीआरएम ने सारी दिक्कतों को दूर करने और पुनर्वास की सरकार की योजना के मुताबिक सबका पुनर्वास करने को कहा। दक्षिण पूर्व जोन के रेलवे सीनियर डीसीएम गजराज सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि चक्रधरपुर मंडल मुख्यालय क्षेत्र में 40 विकास परियोजना का काम शुरू होगा।

**********************

चतरा जिले में पिछले दो दिनों से गर्मी का पारा तेजी से ऊपर चढ़ा है। कल जिले का तापमान 37 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आज सुबह से ही तेज धूप होने के कारण अप्रैल महीने में पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र चतरा के वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान के आधार पर बताया है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अप्रैल महीने की शुरुआत में जिले के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने जिले के किसानों को सब्जी की फसल में जल निकासी की व्यवस्था करने का सुझाव दिया है साथ ही रबी की जो फसल कट चुकी है उसे भी सुरक्षित जगह पर रखने की सलाह दी गई है।

**********************

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु यीशु के बलिदान की याद में रांची समेत राज्य भर के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह के बलिदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुड फ्राइडे को यीशु मसीह के विनीत बलिदान को स्मरण किया जाता है। प्रधानमंत्री ने आशा प्रकट की कि प्रत्येक व्यक्ति को उनकी अनुकंपा और दूसरों को क्षमा करने की यीशु मसीह की सीख से प्रेरणा मिलेगी।

**********************

<u>संक्षिप्त खबरें</u>

- बोकारो जिले में उपायुक्त विजया जाधव ने कल देर रात बालीडीह थाना के औद्योगिक क्षेत्र स्थित संचालित अवैध विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब समेत कई सामान जब्त किए गए।
- देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र स्थित जैप–पांच परिसर स्थित दो मंजिला मकान की छत से गिरने से एक युवती की मौत हो गई है। छत पर फोन पर बात करने के दौरान लापरवाही से यह हादसा हुआ।
- हजारीबाग में राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मासीपीढ़ी स्थित नमन विद्या स्कूल परिसर में शतरंज प्रतियोगिता अंडर–11 के मैच का शुभारंभ किया गया. यह प्रतियोगिता 4 अप्रैल तक चलेगी।

*******समाप्त*******